पंचदश बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-4 शुक्रवार, दिनांक-25 फरवरी, 2011 ई० ।

मानवीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.35 बजे अपराह्न तक ।

(1) प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 04 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।
(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न क्रमांक 12 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।
(iii) 16 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।
(iv) 01 तारांकित प्रश्न क्रमांक 94 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।
(v) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।
(vi) 51 तारांकित प्रश्न अनागत ।

(2) शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों ने राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया :-

(i) श्री कृष्णनंदन पासवान
(ii) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(iii) श्री पवन कुमार जायसवाल

(3) ध्यानाकर्षण सूचना :-

(i) माननीय सदस्य श्री उमाकांत यादव की खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना, माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री श्री श्याम रजक द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(ii) सर्वश्री नीरज कुमार सिंह, रमेश ऋषिदेव एवं अन्य पाँच सभासदों की पथ निर्माण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री नीरज कुमार द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री श्री नंद किशोर यादव द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(4) <u>सभा के समक्ष प्रतिवेदनों का रखा जाना</u> :-

(i) प्रभारी सचिव द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण समिति का 27वाँ प्रतिवेदन सदन पटल पर रखा गया ।

(ii) माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा नियम समिति का प्रतवेदन सदन पटल पर रखा गया ।

आसन से घोषणा की गई कि इसमें नियम 287(3) के तहत् माननीय सदस्यगण सात दिनों के अंदर संशोधन दे सकते हैं ।

(5) <u>सरकार का वक्तव्य</u> :-

माननीय मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा मोहनिया एवं त्रिवेणीगंज में हुई घटना के संबंध में सरकार की ओर से वक्तव्य दिया गया ।

वक्तव्य का विरोध करते हुए विरोधी दल के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 3.00 बजे अप० तक ।

(6) **वित्तीय कार्य :- <u>वित्तीय वर्ष 2011-12 के आय-व्ययक विवरणी का उपस्थापन :-</u>**

माननीय उप मुख्यमंत्री, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा वित्तीय वर्ष 2011-12 के आय-व्ययक विवरणी को सदन में उपस्थापित किया गया तथा बजट भाषण किया गया ।

(7) <u>निवेदन</u> :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने घोषणा की कि आज के लिए स्वीकृत कुल 17 निवेदनों को सभा की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक सोमवार, दिनांक 28 फरवरी, 2011 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-25.02.2011

गिरीश झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।